तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 अल नीनो को लेकर कृषि विभाग अलर्ट, किसानों के लिए जारी ...



12 एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में छात्र परिषद का गठन...



## खबर संक्षेप

### परसबोड़ के मां दुर्गा मंदिर में चोरी, सोने के आभूषण ले उड़े चोर



**साजा।** क्षेत्र के ग्राम परसबोड़ स्थित मां दुर्गा मंदिर में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर माता को चढ़ाए गए सोने के आभूषण चोरी कर लिए। मंगलवार सुबह पुजारी के मंदिर पहुंचने पर घटना का पता चला। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वॉड बुलाया गया तथा आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि साजा क्षेत्र में एक माह के भीतर चोरी की यह चौथी घटना है।

### मकान का शीट तोड़कर 90 हजार के जेवरात पार

**भिलाई।** मकान का शीट तोड़कर अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात व नगदी चोरी करने का मामला सामने आया है। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 18 आजाद चौक शिवपूरी जामुल निवासी त्रिवेणी साहू पति का उपचार कराने जुनवानी स्थित शंकराचार्य अस्पताल में आई थी। घर में बेटा रहता है प्रतिदिन की तरह 11 जुलाई की सुबह घर को ताला मारकर अपने काम पर निकल गया। देर शाम वापस घर लौटने पर छत में लगे सीमेंट का सीट टूटा पड़ा मिला। घर के भीतर से अज्ञात ने आलमारी का लाक एवं लाकर तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार कर फरार हो गया था। परिजनों ने आसपास सामानों की खोजबीन करने लगे नहीं मिलने पर सूचना जामुल पुलिस को दी गई। चोरी हुए सामानों की कीमत 90 हजार रुपए आंकी गई है।

### युवक के सिर को पत्थर से कुचला फिर लाठी से मारकर की हत्या

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते कुंदरापारा दुर्ग में थाने के गुंडा बदमाश लेखराम कोठारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची और शव को मरचूरी भेजा। घटना को अंजाम देने वाला भी बदमाश किस्म का युवक है। घटना में तीन से अधिक युवकों ने लेखराम को घेरकर पीट पीटकर मार डाला। पद्नाभपुर थाना पुलिस के मुताबिक मृतक को पुलिस ने पहले धारा 151 के तहत गिरप्तार किया था, जिसे बाद में जेल गया था। वापस लौटकर आने पर लेखराम की हत्या कर दी गई। लेखराम को युवकों ने लाठी, ईंट और लाठी से हमला किया।

# जनदर्शन में फरियादियों की रही भीड़, 83 आवेदनों पर कलेक्टर ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ पेंशन, पीएम आवास, ट्रायसायकल और आम रास्ते जैसे मामलों पर हुई सुनवाई

जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में इस सप्ताह भी बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व, पंचायत तथा अन्य विभागों से जुड़ी विभिन्न समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। कलेक्टर ने कई मामलों में संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित किया, वहीं कुछ अधिकारियों को तत्काल अपने समक्ष बुलाकर प्रकरणों की जानकारी ली और शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर आवेदकों को राहत प्रदान की गई। इस सप्ताह आयोजित जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 83 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया गया, जबकि जांच एवं विस्तृत कार्रवाई वाले प्रकरणों को समय-सीमा (टीएल) पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।

## मौके पर कई मामलों का हुआ निराकरण



### समाधान कराने का भरोसा दिलाया

जनदर्शन में निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चालित ट्रायसायकल की मांग, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े मामलों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं नियमानुसार समाधान कराने का भरोसा दिलाया। प्रशासन का कहना है कि जनदर्शन का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो सके।

## लापरवाही

**जर्जर भवन की शिकायत के बावजूद नहीं हुई मरम्मत, ग्रामीणों में आक्रोश**

# प्राथमिक स्कूल की छत का प्लास्टर गिरा, दूसरी कक्षा के दो मासूम घायल







**पहले भी दी थी जर्जर भवन की सूचना**

प्रधान पाठक विमला सिन्हा ने बताया कि विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति की जानकारी पूर्व में ही संबंधित विभाग को लिखित रूप से दी जा चुकी थी। कई बार मरम्मत की मांग भी की गई, लेकिन समय पर आवश्यक कार्य नहीं होने के कारण यह दुर्घटना हुई। यदि भवन की मरम्मत समय रहते करा दी जाती तो इस हादसे से बचा जा सकता था।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/थानखम्हरिया

■ एक छात्र के सिर में गंभीर चोट, सीटी स्कैन के लिए जिला अस्पताल रेफर

शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही का एक गंभीर मामला सोमवार को थानखम्हरिया क्षेत्र के ग्राम ग्वारा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में सामने आया। कक्षा दूसरी में पढ़ाई चल रही थी कि अचानक भवन की छत का प्लास्टर भरभराकर बच्चों के ऊपर गिर पड़ा। हादसे में दो छात्र घायल हो गए, जिनमें एक छात्र के सिर में गंभीर चोट आने पर उसे सीटी स्कैन के लिए जिला अस्पताल बेमेतरा रेफर करना पड़ा। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा- तफरी मच गई, जबकि अभिभावकों और ग्रामीणों में शिक्षा विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिली। जानकारी के अनुसार, हादसे में प्रवेश निषाद (पिता चंद्रशेखर निषाद) तथा पारस यादव (पिता सुरेश यादव, उम्र लगभग 8 वर्ष) घायल हुए हैं। प्लास्टर गिरने से प्रवेश निषाद के सिर और कंधे में गंभीर चोट आई, जबकि पारस यादव के हाथ और पैर में चोट लगी। घटना के बाद विद्यालय के शिक्षक और ग्रामीण तत्काल बच्चों की मदद के लिए दौड़े।

विद्यालय की प्रधान पाठक विमला सिन्हा ने ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायल छात्रों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानखम्हरिया पहुंचाया। वहां डॉ. स्वदेश जायसवाल ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों ने प्रवेश निषाद के सिर में गंभीर चोट की आशंका को देखते हुए उसे सीटी स्कैन के लिए जिला ▸▸| शेष पेज 10 पर

### सुरक्षित शिक्षा व्यवस्था की उठी मांग

हादसे के समय सरपंच प्रतिनिधि पुन्नी तोरण यादव, लोकेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और पालक विद्यालय में मौजूद रहे। सभी ने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए विद्यालय भवन की तत्काल तकनीकी जांच, शीघ्र मरम्मत तथा सुरक्षित शैक्षणिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। बहरहाल यह हादसा एक बार फिर सरकारी विद्यालयों की जर्जर होती आधारभूत संरचना पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि भवन की खराब स्थिति की जानकारी विभाग के पास पहले से थी, तो समय रहते मरम्मत क्यों नहीं कराई गई? ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को इस मामले में केवल जांच तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय करनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी मासूम की जान खतरे में न पड़े।

### ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग

घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक विद्यालय पहुंच गए। उन्होंने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जर्जर भवन में छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाना उनकी जान जोखिम में डालने जैसा है। ग्रामीणों ने दुर्घटना की तकनीकी जांच कराने, जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने, जर्जर कक्षाओं को तत्काल बंद करने तथा मरम्मत कार्य पूरा होने तक वैकल्पिक सुरक्षित भवन में पढ़ाई संचालित कराने की मांग की।

### बीईओ ने बंद कराई दुर्घटनाग्रस्त कक्षा

घटना की सूचना मिलते ही खंड शिक्षा अधिकारी डी.जी. पात्रा विद्यालय पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त कक्षा को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में उनकी पदस्थापना हाल ही में हुई है। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी विद्यालयों का निरीक्षण कराया जाएगा। साथ ही सभी प्रधान पाठकों एवं प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि जहां भी भवन जर्जर अथवा असुरक्षित स्थिति में हों, उन्हें तत्काल बंद कर इसकी सूचना विभाग को उपलब्ध कराएं।

# खेत में बबूल के पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थान खम्हरिया

■ परिजनों के अनुसार शराब की लत से जूझ रहा था मृतक

थाना क्षेत्र के ग्राम खैरझिटीकला में रविवार को एक 35 वर्षीय युवक का शव खेत में बबूल के पेड़ पर फंदे से लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थान खम्हरिया पुलिस मौके पर पहुंची, शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पुलिस ने मर्ग क्रमांक 15/2026 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान भागीरथी पटेल के रूप में हुई है। वह रविवार सुबह खेत जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन दोपहर तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान शाम करीब तीन बजे ग्रामीणों ने खेत के किनारे बबूल के पेड़ पर रस्सी के सहारे उसका शव लटका देखा। घटना की सूचना तत्काल डायल- 112 और पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर प्रारंभिक जांच की। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। परिजनों और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार भागीरथी पटेल लंबे समय से शराब की लत से परेशान था। इसी कारण परिवार में अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती थी। करीब छह माह पहले उसे दुराग स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती भी कराया गया था। वहां से लौटने के बाद कुछ समय तक उसने शराब से दूरी बनाई, लेकिन बाद में फिर से नशे की गिरफ्त में आ गया। बताया जा रहा है कि भागीरथी खेती-किसानी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी और ▸▸| शेष पेज 10 पर

# नए एसपी त्रिलोक बंसल ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ बेहतर पुलिसिंग, त्वरित कार्रवाई और जनसंवाद को बताया प्राथमिकता



जिले के नए पुलिस अधीक्षक (एसपी) त्रिलोक बंसल (आईपीएस) ने सोमवार को जिला पुलिस कार्यालय में विधिवत पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पुलिस उपमहानिरीक्षक रामकृष्ण साहू से कार्यभार ग्रहण किया। रामकृष्ण साहू का स्थानांतरण पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर हुआ है, जहां वे अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। पदभार ग्रहण के दौरान डीआईजी रामकृष्ण साहू और नवपदस्थ एसपी त्रिलोक बंसल ने एक-दूसरे का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रामकृष्ण साहू ने विश्वास जताया कि बेमेतरा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी नई नेतृत्व टीम को भी उसी समर्पण और टीम भावना के साथ सहयोग देंगे, जैसा उन्हें अपने कार्यकाल में मिला। उन्होंने शासन, जिला प्रशासन, पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों तथा मीडिया के प्रति सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव सहित जिले के पुलिस अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नए पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया। इसके बाद रामकृष्ण साहू ने जिले की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक विषयों की विस्तृत जानकारी देते हुए औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी त्रिलोक ▸▸| शेष पेज 10 पर

# उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण योजना की रफ्तार सुस्त, ढाई माह बाद भी अधिकांश पंचायतों को नहीं मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ 31 पंचायतों में राशि जारी होने का दावा, हरिभूमि की पड़ताल में सिर्फ 12 को मिली रकम

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत 10 करोड़ 26 लाख रुपये की उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण योजना एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शासन से राशि जारी होने के करीब ढाई माह बाद भी अधिकांश ग्राम पंचायतों तक निर्माण की रकम नहीं पहुंची है। ढाई साल पुरानी योजना अब भी कागजों से बाहर नहीं निकल पाई है।

हरिभूमि की फॉलोअप पड़ताल में सामने आया कि जिला पंचायत जहां 31 ग्राम पंचायतों को राशि जारी करने का दावा कर रही है, वहीं वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। टीम ने उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण के लिए चयनित सभी 36 ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों से दूरभाष पर संपर्क कर जानकारी जुटाई। जांच में 13 जुलाई तक केवल 12 पंचायतों में राशि पहुंचने की पुष्टि हुई, जबकि 19 पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने साफ कहा कि अब तक एक भी किश्त नहीं मिली है। कुछ पंचायतों में स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी।



भर्राशाही
जिला पंचायत में ढाई महीने से फाइलों में कैद 36 उप स्वास्थ्य केंद्र, आखिर किसका इंतजार?
10.26 करोड़ की स्वीकृति के बाद भी अधिकांश पंचायतों को नहीं मिला कार्यादेश
शासन के निर्देश भी पड़े ठंडे बस्ते में
गांवों के विकास के लिए महीनों दौड़, फिर भी काम अटका
इन 36 गांवों में बनने हैं नए उप स्वास्थ्य केंद्र



### दावे बड़े, धरातल पर अलग

शासन ने वर्ष 2023-24 में जिले की 36 ग्राम पंचायतों में नए उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्वीकृति दी थी। लेकिन स्वीकृति के बाद राशि जारी होने में ही करीब ढाई वर्ष लग गए। अब राशि मिलने के बाद भी जिला पंचायत स्तर पर वितरण की धीमी रफ्तार ने निर्माण कार्य को फिर पीछे धकेल दिया है। बारिश का मौसम शुरू होने से इस वर्ष भी अधिकांश स्थानों पर निर्माण शुरू होने की संभावना कम होती दिख रही जानकारी के अनुसार लगातार उठ रहे सवालों और जनप्रतिनिधियों के दबाव के बाद जिला पंचायत ने कुछ पंचायतों को राशि जारी करना शुरू किया है। बावजूद इसके अधिकांश ग्राम पंचायतें अब भी राशि मिलने का इंतजार कर रही हैं। दूसरी ओर नगर पंचायत देवकर और थानखम्हरिया में बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्रों की निर्माण एजेंसी को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। नगर पंचायत और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग दोनों ने एजेंसी तय नहीं होने की बात कही है।

### 36 पंचायतों में बनने हैं नए उप स्वास्थ्य केंद्र

प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण के लिए 28.51 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। जिले के चारों विकासखंडों की 36 ग्राम पंचायतों में इन भवनों का निर्माण होना है। इनमें साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विकासखंड के 10-10 तथा बेरला विकासखंड की 6 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। योजना पूरी होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बड़ी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### ग्रामीणों की उम्मीदें फिर अधर में

स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में लगातार हो रही देरी से हजारों ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए अब भी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। सरकार गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का दावा कर रही है, लेकिन जिला स्तर पर प्रशासनिक लापरवाही और धीमी कार्यप्रणाली के कारण महत्वाकांक्षी योजना समय पर धरातल पर उतरती नहीं दिख रही है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ से जानकारी ली गई है। उन्होंने अधिकांश ग्राम पंचायतों को राशि जारी किए जाने की बात कही है।

### पंचायत प्रतिनिधियों में नाराजगी, दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर

ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि विकास कार्यों की स्वीकृति के बाद भी राशि जारी कराने के लिए महीनों तक सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा से जुड़ी योजना भी प्रशासनिक सुस्ती की शिकार हो गई है। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि यदि समय पर राशि जारी होती तो अधिकांश गांवों में निर्माण कार्य शुरू हो चुका होता। स्वास्थ्य केंद्र निर्माण के लिए स्वीकृत सभी पंचायतों को एक साथ राशि जारी की जानी थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कुछ पंचायतों को राशि जारी कर दी गई, जबकि अन्य पंचायतों को अब भी इंतजार करना पड़ रहा है। इसे लेकर राशि वितरण में भेदभाव के आरोप लग रहे हैं। अधिकारियों के पास भी इसका स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं है ,जिला पंचायत की उप संचालक ने बताता कि 31 ग्रामों राशि ओर कार्य आदेश दे दिया गया। वही कुछ ग्रामों में जियो टैग ,स्थल चयन नहीं हो पाया है इसलिए कार्य आदेश नहीं दिया गया है कहा गया इस तरह निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बयानों में भी विरोधाभास सामने आ रहा है।

## शहर के श्रीराम मंदिर परिसर से उठाई न्यायिक जांच की मांग

# राम मंदिर में कथित वित्तीय अनियमितताओं पर कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा





अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर से जुड़े कथित चढ़ावा एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर सोमवार को बेमेतरा में कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित किया गया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पूरे मामले की न्यायिक अथवा किसी स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए भाजपा पर जवाबदेही से बचने और मामले में पारदर्शिता नहीं बरतने का आरोप लगाया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों देशवासियों की आस्था और विश्वास के केंद्र हैं। ऐसे में यदि मंदिर के चढ़ावे और वित्तीय प्रबंधन को लेकर अनियमितताओं के आरोप सामने आते हैं, तो सरकार का पहला दायित्व निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के मन में किसी भी प्रकार का संशय नहीं रहना चाहिए और इसके लिए पूरे मामले की सच्चाई सार्वजनिक होना आवश्यक है। आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इस पूरे मामले पर स्पष्ट जवाब देने से बच रही है। उनका कहना था कि यदि सरकार पूरी तरह पारदर्शी है तो उसे जांच कराने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा स्वयं को भगवान श्रीराम की सबसे बड़ी हितैषी बताती है, इसलिए मंदिर से जुड़े वित्तीय मामलों पर उठ रहे सवालों का भी उसे खुलकर जवाब देना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि पूरे प्रकरण की न्यायिक अथवा किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए। यदि जांच में किसी भी व्यक्ति या संस्था की भूमिका सामने आती है तो उसके विरुद्ध बिना किसी राजनीतिक दबाव के कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। नेताओं ने कहा कि भगवान श्रीराम किसी एक राजनीतिक दल या संगठन की नहीं, बल्कि पूरे देश की आस्था के प्रतीक हैं। इसलिए उनके नाम पर किसी भी प्रकार की कथित अनियमितता की निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगें रखीं और सरकार से पूरे मामले में तथ्यों को सार्वजनिक करने की अपील की। ▸▸| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### नियमितीकरण के 1361 प्रकरणों का निराकरण

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) अधिनियम 2022 एवं 2024 के तहत जिला नियमितीकरण समिति की बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के समक्ष कुल 1372 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। बैठक में सर्वसम्मति से 1361 प्रकरणों का मान्य एवं अमान्य के रूप में निराकरण किया गया। इनमें नगर पालिक निगम भिलाई के 902 आवासीय एवं 108 गैर-आवासीय, कुल 1010 प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं, 11 प्रकरणों में स्पष्ट अनुशंसा एवं अभिमत प्राप्त करने के लिए उन्हें नगर पालिक निगम भिलाई को वापस भेजने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा नगर पालिक निगम दुर्ग के 351 प्रकरणों का भी समिति द्वारा निराकरण किया गया। इस प्रकार दोनों नगरीय निकायों के कुल 1361 प्रकरणों का निराकरण करते हुए संबंधित मामलों में आवश्यक निर्णय लिए गए।

### जुलाई के अंतिम हफ्ते में राज्य स्तरीय रोजगार मेला

**दुर्ग।** रोजगार विभाग, छग शासन के द्वारा माह जुलाई के अंतिम सप्ताह में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन रायपुर में किया जाना प्रस्तावित है। इस मेले हेतु निजी क्षेत्र के नियोजक जो अपने संस्थान में रिक्त पदों को इस रोजगार मेला के माध्यम से भरना चाहते हैं, वे 15 जुलाई के पूर्व रिक्त पदों की जानकारी जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग को प्रेषित करेंगे। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन दुर्ग के उपसंचालक से प्राप्त जानकारी अनुसार छग रोजगार विभाग के ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से रिक्तियाँ प्रेषित करने के लिए नियोजकों का पोर्टल पर रोजगार मेला हेतु नियोक्त पंजीयन कराना अनिवार्य होगा, जिसके लिए नियोक्ता का जीएसटी क्रमांक एवं डॉक्यूमेंट अपलोड करना आवश्यक होगा। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में संपर्क कर सकते हैं।

### आधार नामांकन एवं अपडेट कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने कर्मचारियों को प्रशिक्षण

**दुर्ग।** लोक निर्माण विभाग के मीटिंग हॉल में जिला दुर्ग के आधार ऑपरेटरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में दुर्ग जिले के 58 तथा खैरागढ़ जिले के 4 आधार ऑपरेटरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के असिस्टेंट मैनेजर मो. सौबान मोहिदीन द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आधार नामांकन एवं आधार अद्यतन कार्यों को यूआईडीएआई के नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुरूप अधिक गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान ऑपरेटरों को दस्तावेज़ सत्यापन, तकनीकी अपडेट, जन्मतिथि संशोधन, जेंडर लिमिट क्रॉस, नाम लिमिट क्रॉस, पेनल्टी संबंधी प्रावधान, आधार रद्द एवं निष्क्रिय मामलों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# अल नीनो को लेकर कृषि विभाग अलर्ट, किसानों के लिए जारी हुई एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बारिश के आगमन के बाद भी जिले में बारिश की बेरूखी जारी है। इस वर्ष अल-नीनो के चलते मानसून में देरी, खंड वर्षा और सीजन के जल्दी समाप्त होने की गंभीर आशंका बनी हुई है। इस संभावित संकट से निपटने और किसानों की आजीविका को सुरक्षित रखने के लिए कृषि विभाग द्वारा एक विशेष आकस्मिक कार्ययोजना तैयार की गई है। इस कार्ययोजना का मुख्य उद्देश्य जोखिम को कम करने के लिए फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना, कम पानी वाली फसलों का चयन, जल संरक्षण और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से सीमित संसाधनों में भी बेहतर उत्पादन सुनिश्चित करना है। उप संचालक कृषि संदीप भोई ने बताया कि कार्ययोजना अनुसार किसान भाई मौसम की अनिश्चितता से बचने के लिए कम पानी और कम अवधि में तैयार होने वाली धान की उन्नत किस्मों को अपनाएं। इसके साथ ही टिकरा और भर्री जैसी ऊंची तथा ढलान वाली भूमियों पर जल संरक्षण और समयबद्ध बुआई सुनिश्चित करने के लिए कतारबद्ध सीधी बुआई यानी डीएसआर पद्धति को अपनाएं।

## फसलों में विविधता से निपटा जा सकता है इस समस्या से, कृषि विस्तार अधिकारी से लें सलाह

### फसलों में विविधता से बनी रहती है मिट्टी की उपजाऊ क्षमता

जोखिम को कम करने के लिए किसी एक फसल (जैसे धान) पर पूरी तरह निर्भर न रहें फसल विविधिकारण अपनाएं। धान के बदले कम पानी में होने वाली दलहनी फसल जैसे अरहर, मूंग एवं उड़द तथा तिलहनी फसल जैसे तिल, सोयाबीन, मूंगफली को प्राथमिकता देवें। फसलों की सुरक्षा के साथ-साथ खेतों की मिट्टी में नमी को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए भूमि आच्छादन (मलचिंग) तकनीक अपनाये जिसके तहत फसल बोने से पहले और कटाई के बाद खेतों को ऊँचा अथवा दलहनी फसलों से ढका जाएगा ताकि वाष्पीकरण कम हो।



### समस्या होने पर लें मार्गदर्शन

जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए खेतों में मेड़बंदी (फील्ड बंडिंग) को मजबूत करने और वर्षा जल संवर्धन के स्थानीय पारंपरिक उपायों को पुनर्जीवित करें। आपदा की स्थिति में आर्थिक क्षति से बचाव हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषक अपना पंजीयन अवश्य करावें। खेती के दौरान कोई भी समस्या या तकनीकी कठिनाई आती है, तो किसान बिना देरी किए अपने क्षेत्र के कृषि विभाग के अधिकारियों से तुरंत संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा पंचायत स्तर पर लगातार कृषि विस्तार अधिकारी दौरा कर रहे हैं। किसान यदि चाहें तो उनसे भी उचित परामर्श ले सकते हैं।

## 18 तक चलेगा अभियान, जिलेभर में नि:शुल्क मिलेंगी परिवार नियोजन सेवाएं

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा शुरू जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत 18 जुलाई तक व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना तथा छोटे एवं स्वस्थ परिवार की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाना है।

अभियान के शुभारंभ पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने जनजागरूकता प्रचार-रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार-रथ जिले के सभी विकासखंडों, ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों, स्वस्थ जन्म अंतराल, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा जनसंख्या स्थिरीकरण के महत्व की जानकारी देगा।




अभियान के दौरान योग्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा प्रसव उपरांत परिवार नियोजन सेवाओं को भी विशेष रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन संबंधी सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा परामर्श के साथ कॉन्डोम, माला-एन गर्भनिरोधक गोलियां, आपातकालीन गर्भनिरोधक गोली (ईसीपी), अंतरा इंजेक्शन, कॉपर-टी 375 एवं 380ए जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा महिला एवं पुरुष नसबंदी सेवाओं के साथ संस्थागत प्रसव कराने वाली महिलाओं को प्रसव के 48 घंटे के भीतर पीपीआईयूसीडी एवं अंतरा लगाने की सुविधा भी दी जा रही है। अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नुक्कड़ नाटक, समूह बैठकें, मितानिनों के माध्यम से घर-घर संपर्क, सोशल मीडिया, बैनर-पोस्टर तथा ऑटो-रिक्शा के जरिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी अभियान की नियमित समीक्षा करेंगे तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि जनसंख्या स्थिरीकरण केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छोटा एवं स्वस्थ परिवार ही समृद्ध समाज की मजबूत नींव है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने बताया कि इस पखवाड़े के दौरान विशेष रूप से युवाओं एवं प्रसव उपरांत महिलाओं पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पात्र हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नागरिकों से अपील की है कि परिवार नियोजन संबंधी किसी भी जानकारी या परामर्श के लिए अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र अथवा 104 स्वास्थ्य हेल्पलाइन से संपर्क करें।

# जुलाई तक कराएं फसल बीमा खरीफ की 11 फसलें हुईं अधिसूचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

खरीफ मौसम 2026 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना छत्तीसगढ़ शासन ने जारी कर दी है। जिले के किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति की भरपाई के लिए आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योजना लागू की गई है। उप संचालक कृषि बेमेतरा ने सभी पात्र किसानों से 31 जुलाई 2026 से पहले अपनी फसलों का बीमा कराने और योजना का अधिकतम लाभ लेने की अपील की है।

अधिसूचना के अनुसार जिले में खरीफ सीजन के लिए धान (सिंचित एवं असिंचित), मक्का, सोयाबीन, उड़द, मूंग, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी और मूंगफली सहित कुल 11 फसलों को अधिसूचित किया गया है। योजना के तहत धान, मक्का और सोयाबीन के लिए ग्राम को इकाई क्षेत्र तथा उड़द, मूंग, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी एवं मूंगफली के लिए राजस्व निरीक्षक मंडल क्षेत्र को इकाई माना गया है। योजना का लाभ ऋणी, अऋणी, भू-धारक और बटाईदार किसान भी ले सकेंगे। जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संचालन के लिए बजाज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को अधिकृत बीमा कंपनी नियुक्त किया गया है। साथ ही कृषि जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप खरीफ फसल कैलेंडर में भी आवश्यक संशोधन किए गए हैं। कृषि विभाग के अनुसार इस वर्ष अल-नीनो के संभावित प्रभाव के कारण मानसून के विलंब से आने, समय से पहले समाप्त होने तथा फसल अवधि के दौरान लंबे समय तक वर्षा नहीं होने की आशंका है। ऐसे मौसमीय जोखिमों को देखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा का प्रभावी माध्यम साबित होगी। योजना के तहत धान (सिंचित) के लिए 66 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तथा धान (असिंचित) के लिए 49 हजार 500 रुपये प्रति हेक्टेयर बीमित राशि निर्धारित की गई है।

किसानों को बीमित राशि का केवल दो प्रतिशत प्रीमियम देना होगा। इसके अनुसार धान (सिंचित) के लिए 1,320 रुपये तथा धान (असिंचित) के लिए 990 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम निर्धारित किया गया है। वहीं उड़द एवं मूंग के लिए 550-550 रुपये, मक्का के लिए 1,122 रुपये, सोयाबीन के लिए 1,078 रुपये, अरहर के लिए 902 रुपये, मूंगफली के लिए 924 रुपये, कोदो के लिए 396 रुपये, कुटकी के लिए 209 रुपये तथा रागी के लिए 187 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम देय होगा। उप संचालक कृषि ने बताया कि बाढ़, सूखा, जलप्लावन, ओलावृष्टि सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं से फसल क्षति होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करती है। उन्होंने किसानों से मौसम की अनिश्चितताओं को देखते हुए अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अपील की है।

# जिले में खंडहर हो रहे सरकारी स्कूल, जल्द कराया जाए मेंटनेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- कांग्रेस के पूर्व पार्षदों ने शिक्षामंत्री गजेंद्र से की मांग

नया शिक्षण सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन हर साल की तरह इस बार भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पुरानी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खंडहर के रुप में तब्दील कई जर्जर शाला भवनों की स्थिति इस कदर खस्ता है कि कब छात्रों के उपर भरभरा कर छत गिर जाए कोई ठिकाना नहीं है। ऐसे स्कूलों में जान हथेली पर लेकर छात्र पढ़ने के लिए बाध्य हैं। प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के गृह जिले का यह हाल है। इसे लेकर कांग्रेस के पूर्व पार्षदों ने मांग की है कि कंडम सरकारी स्कूलों का तत्काल मेंटेनेंस कराया जाए। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अब्दुल गनी, देवकुमार



जंघेल, लिखन साहू, पूर्व पार्षद अमृत लोढ़ा, संजय सिंह, भोला महोबिया, मनोज चंद्राकर, मनीष यादव, डॉ. छत्रसाल गायकवाड, राजकुमार वर्मा, युवराज ठाकुर आदि ने कहा कि हाल ही में भिलाई के वृन्दा नगर में शासकीय प्राथमिक शाला के एक कक्षा की छत गिर पड़ी। गनीमत है कि कोई छात्र हताहत नहीं हुआ। इसके पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है। किन्तु सरकार जर्जर शाला भवनों की सुध नहीं ले रहा है। दुर्ग जिले में लगभग डेढ़ सौ शाला भवनों को कंडम घोषित किया जा चुका है लेकिन उनके स्थान पर नये भवन नहीं बनाए जा रहे हैं। वहां पढ़ने वाले छात्रों को आसपास के स्कूलों में समायोजित कर दिया गया है जहां उन्हें भेड़ बकरियों की तरह ठूस कर पढ़ाया जा रहा है। चालीस छात्रों की कक्षा मे सत्तर अस्सी छात्र पढ़ेंगे तो उनका भविष्य कैसा होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। पूर्व पार्षदों ने मांग की है कि तत्काल जर्जर शाला भवनों का संधारण किया जाए और नये शाला भवन बनने तक छात्रों के लिए अलग से वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। बता दें कि जिले के 68 सरकारी स्कूलों की कंडम बिल्डिंग को डिस्मेंटल कर नया बनाए जाने की तैयारी है।

# डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न के लिए आवेदन 31 तक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों का प्रोत्साहित करने एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस वर्ष 2026 का पुरस्कार वितरण राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में किया जाएगा। इस संबंध में कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। संयुक्त संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी अनुसार इच्छुक कृषक जो खेती में नवाचार, जैविक कृषि, उत्पादन में वृद्धि, कृषि यात्रिकीकरण या जल संरक्षण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं, वे इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। समस्त पात्र कृषक वे निर्धारित तिथि तक आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया, आवश्यक अर्हताएँ एवं अन्य जानकारी संबंधित विकासखंड, जिला कृषि कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कृषकों से प्राप्त आवेदनों का सत्यापन संयुक्त संचालक कृषि द्वारा गठित विकासखंड स्तरीय छानबीन समिति द्वारा किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय समिति कृषकों के प्रक्षेत्रों में जाकर आवेदन में उल्लेखित अधोसंरचना, कृषि आदान, सिंचाई संसाधन व अन्य जानकारी का प्रत्यक्ष निरीक्षण व अवलोकन सत्यापन उपरांत प्रतिवेदन जिला स्तरीय समिति को प्रस्तुत करेगी। जिला स्तरीय समिति द्वारा सूक्ष्म जांच उपरांत जिला से अधिकतम 3 उत्कृष्ट कृषकों का चयन कर जिला कलेक्टर के माध्यम से नामांकन संचालनालय कृषि को उपलब्ध कराया जाएगा। कृषक रत्न पुरस्कार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल के नाम पर दिया जाता है।

# शक्ति केंद्र से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की बनी रणनीति

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी मरोदा-पुरैना मंडल की मासिक बैठक शंकर नगर डुंडेरा वार्ड 38 स्थित मंगल भवन में संपन्न हुई। बैठक में मंडल प्रभारी एवं प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक दिनेश देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल ने की। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, 9 शक्ति केंद्रों के माध्यम से कार्य विस्तार, 52 बूथ समितियों के अद्यतन, बीजेपी आईडीपी, ऑनलाइन लर्निंग प्रोग्राम, भाजपा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, 19 जुलाई को शक्ति केंद्र बैठकों, 26 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 136 वें एपिसोड के सामूहिक श्रवण तथा 9 अगस्त को पुरैना में अगली मासिक बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री पुनाराम कलिहारी ने किया।

## पेज 9 के शेष

### प्राथमिक स्कूल की छत ...

अस्पताल बेमेतरा रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक सीटी स्कैन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई थी।

### खेत में बबूल के पेड़ ...

बच्चे हैं तथा आर्थिक स्थिति भी सामान्य बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से वह तनाव में रहता था और लोगों से कम बातचीत करता था। मृतक के एक रिश्तेदार ने बताया कि परिवार ने कई बार उसे शराब छोड़ने के लिए समझाया, लेकिन वह नशे की आदत नहीं छोड़ पाया। फिलहाल किसी भी कारण या व्यक्ति के संबंध में निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। जांच पूरी होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### नए एसपी ...

बंसल ने जिला पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर बेहतर पुलिसिंग, अपराध नियंत्रण, आमजन के साथ प्रभावी संवाद तथा शिकायत मिलने पर पुलिस की त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जनविश्वास को और मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी। वर्ष 2016 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी त्रिलोक बंसल इससे पहले रायपुर, दुर्ग, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कोरिया, कोंडागांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा एसटीएफ बघेरा (दुर्ग) में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू, शशिकला उईके, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, सोनल ग्वाला, मयंक मिश्रा सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राम मंदिर में कथित ....

नेताओं ने कहा कि निष्पक्ष जांच होने से न केवल वास्तविक स्थिति सामने आएगी, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं का विश्वास भी और अधिक मजबूत होगा। कार्यक्रम का संचालन मनोज शर्मा ने किया। प्रदर्शन में मिथलेश वर्मा, रश्मि मिश्रा, ईश्वर वर्मा, विजय बघेल, शशि प्रभा गायकवाड़, सुशीला जोशी, बालकुमारी ध्रुव, राजू साहू, झम्मन बघेल, सुमन गोस्वामी, रवि रजक, लुकेश वर्मा, रीता पाण्डेय, शकुंतला साहू, योगिता साहू, जनता साहू, ऋषि वर्मा, अयोध्या चंद्राकर, अंजोर यद्‌दु, सतीश मार्कंडेय, शेख शरीफ कुरैशी, निलेश ठाकुर, धनंजय साहू, सिद्दीक खान, मोहित वर्मा, मिंटा नामदेव, प्रकाश ठाकुर, टोकेश्वर साहू, चेतन साहू, छम्मन यद्‌दु, बलराम साहू, प्रकाश साहू, सीताराम यद्‌दु, प्रताप साहू, बलवंत साहू, जगजीत सिंह, मनीष परिहार, संजय वर्मा, प्रदीप परगनिहा, गुरेंद्र वर्मा, जयप्रकाश राज, ऋतिक तिवारी, शरद साहू, सहदेव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मेघा को महिला मोर्चा महामंत्री की जिम्मेदारी

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मेघा कौर को खुर्सीपार मंडल महिला मोर्चा का महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है।



इन्होंने विभिन्न वार्डों और क्षेत्रों की सक्रिय, समर्पित और लंबे समय से संगठन में कार्यरत महिला कार्यकर्ताओं को संगठित करने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। नई टीम के गठन को संगठन विस्तार, महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने तथा आगामी राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मेघा कौर ने बताया कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे का मार्गदर्शन उन्हें लगातार मिलता रहा।

## कलेक्टोरेट स्थित लोकसेवा केंद्र में पहुंच रहे लोग

# सेवा सेतु से नाम परिवर्तन के लिए अब ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- नागरिक सेवा के लिए शुरू की गई नई व्यवस्था

छत्तीसगढ़ शासन ने एक महत्वाकांक्षी पहल के तहत दुर्ग जिले में जनता के द्वार, डिजिटल सरकार की है। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नागरिक सेवाओं की सुगमता और त्वरित कार्यप्रणाली का एक बेहतरीन उदाहरण सामने आया है। दुर्ग जिले के डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव की धर्मपत्नी द्वारा नाम परिवर्तन के लिए सेवा सेतु पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया गया था। सेवा सेतु के सुदृढ़ और पारदर्शी सिस्टम के चलते, इस प्रकरण का निराकरण पूरी तरह से निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया गया। इसके उपरांत, सेवा सेतु प्रबंधक द्वारा आवेदक को उनका आधिकारिक राजपत्र प्रकाशन प्रमाण-पत्र सफलतापूर्वक प्रदान कर दिया गया। यह सफलता यह साबित करती है कि सेवा सेतु पोर्टल सरकारी प्रक्रियाओं को सुलभ और सरल बना रहा है, साथ ही समयबद्धता के साथ नागरिकों को घर बैठे ही पारदर्शी तरीके से सरकारी सेवाओं का सीधा लाभ भी पहुंचा रहा है। इस डिजिटल बदलाव से अब जिले में विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन सेवा प्रदायगी आम जनता के लिए बेहद आसान और सुविधाजनक हो गई है।



### दो बच्चों को समय पर मिला ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र

सेवा सेतु केंद्र आम नागरिकों के लिए सरकारी सेवाओं को सरल, सुगम और समयबद्ध बना रही है। अब लोगों को आवश्यक प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। इसका लाभ दुर्ग जिले के ग्राम भोथली निवासी नोवेंन्द्र कुमार निषाद के परिवार को भी मिला। नोवेंन्द्र कुमार निषाद ने वर्षों पहले अपना ऑफलाइन जाति प्रमाण पत्र बनवाया था, जिसके आधार पर उनके बच्चों ने प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। समय के साथ उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता हुई। उनकी बड़ी बेटी एकता निषाद ने रस्तोगी नर्सिंग होम से बी.एससी. नर्सिंग की शिक्षा प्राप्त की है, वहीं उनके पुत्र हरीश कुमार निषाद ने अंजोरा स्थित अपोलो कॉलेज से डी.फार्मा का अध्ययन पूरा किया है। अब दोनों अपने करियर की नई शुरुआत करने की तैयारी कर रहे हैं।

**समस्या:** ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा शिकायत पत्र, हादसे की आशंका

# प्रधानमंत्री सड़क योजना निर्माण कार्य में भारी लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

ग्राम पंचायत कुम्ही से बोड़तरा तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत निर्माण सड़क कार्य में गंभीर अनियमितताओं और ठेकेदार की कथित मनमानी को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया है। ग्रामवासियों ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा को सामूहिक शिकायत पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए शिकायत पत्र के अनुसार प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत कुम्ही से बोड़तरा सड़क का निर्माण कार्य किया गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार द्वारा कार्य में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की अनदेखी किया गया है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत में कहा गया है कि निर्माण स्थल पर न तो सूचना बोर्ड लगाया गया है और न ही सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। सड़क निर्माण के दौरान पानी की निकासी के लिए पुलिया बनाई गई, लेकिन उसके आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई।

इससे ग्रामीणों और राहगीरों को लगातार दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने विधायक भावना बोहरा से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, सड़क निर्माण में बरती जा रही कथित अनियमितताओं को तत्काल दूर कराया जाए तथा ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की जनहानि न हो। शिकायत पत्र पर ग्राम पंचायत बोड़तरा खुर्द के सरपंच कपिल दीवान, उपसरपंच विष्णु चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र निर्मलकर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

ज्ञापन में बोड़तरा खुर्द, बेलमुड़ा, छीतापारकला, कुम्ही, नवागांव और खैरवार सहित आसपास के गांवों के लोगों ने अपनी सहमति जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क निर्माण में सुधार नहीं किया गया और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगे जनआंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे। फिलहाल क्षेत्र के लोगों की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि शिकायत मिलने के बाद प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाते हैं।



### सड़क किनारे डाली गई मिट्टी बनी मुसीबत

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के दोनों किनारों पर साइड शोल्डर में चिकनी मिट्टी डाल दी गई है। बारिश शुरू होते ही यह मिट्टी दलदल में बदल गई है। परिणाम स्वरूप पक्की सड़क से नीचे उतरते ही वाहन फिसल रहे हैं और लोगों के गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं और यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### ठेकेदार पर मनमानी और लापरवाही का आरोप

शिकायत पत्र में ठेकेदार पर कार्य में मनमानी करने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या की जानकारी देने के लिए कई बार ठेकेदार को फोन किया गया, लेकिन उन्होंने न तो फोन उठाया और न ही वापस संपर्क किया। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

# बोर खनन के बाद सूखे तालाब में पहुंचा पानी, ग्रामीणों में खुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में लंबे समय से सूखा पड़ा गांव का प्रमुख तालाब अब फिर से पानी से भरने लगा है। ग्राम पंचायत द्वारा तालाब के पास बोर खनन कराए जाने के बाद उसमें पानी पहुंचना शुरू हो गया है, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार यह लगभग 10 एकड़ क्षेत्रफल वाला गांव का प्रमुख तालाब है, जिसका उपयोग वर्षों से ग्रामीण विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यों के साथ-साथ अन्य आवश्यकताओं के लिए करते आ रहे हैं। पिछले कुछ समय से तालाब सूखने की स्थिति में पहुंच गया था, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

तालाब के सूखने की समस्या को लेकर समाचार भी प्रकाशित किया गया था। इसके बाद ग्राम पंचायत ने पहल करते हुए सरपंच सुरेश धुर्वे के नेतृत्व में तालाब के पास बोर खनन कराया। बोर से पानी मिलने के बाद तालाब में जलभराव शुरू हो गया है। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए ग्राम पंचायत के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि तालाब में पानी आने से गांव की एक बड़ी समस्या का समाधान हुआ है और आने वाले समय में इसका लाभ पूरे गांव को मिलेगा।

## वन महोत्सव सप्ताह व विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वाधान में वन महोत्सव सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 11 जुलाई विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस के उपलक्ष्य में उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को जनसंख्या नियंत्रण एवं जन-जागरूकता की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा। इनमें महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण, पौधों की कलम तैयार कर उनका रोपण, स्थानीय फलदार एवं फूलदार प्रजातियों के पौधे विकसित करना तथा परिसर में स्वच्छता अभियान चलाना प्रमुख गतिविधियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक लोगों को प्रकृति संरक्षण से जोड़ना है। इसके लिए महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं से समयदान एवं श्रमदान करने का अपील किया गया।

## खबर संक्षेप

### शेयर प्रमाण पत्र ने बदली रामरतन की पहचान

**कवर्धा।** वर्षों से भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में गन्ना बेचने वाले ग्राम सूरजपुरा के किसान रामरतन जायसवाल का अंशधारी सदस्य बनने का सपना आखिरकार साकार हो गया। शेयर प्रमाण पत्र मिलने के बाद उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें ऐसा लगता है जैसे यह कारखाना वास्तव में उनका अपना कारखाना है। उनका कहना है कि अंशधारी सदस्य बनने से उन्हें सम्मान के साथ-साथ कारखाना से मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा। रामरतन जायसवाल पिछले कई वर्षों से गन्ने की खेती कर रहे हैं और अपनी उपज भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में विक्रय करते रहे हैं। वे लंबे समय से कारखाना के अंशधारी सदस्य बनने की इच्छा रखते थे। जब सरकार की पहल पर गैर-अंशधारी किसानों को भी शेयर प्रमाण पत्र देकर सदस्य बनाया गया, तब उनकी वर्षों पुरानी यह इच्छा पूरी हो गई। वे बताते हैं कि शेयर प्रमाण पत्र मिलने के बाद मुझे ऐसा लग रहा है कि अब यह कारखाना सचमुच हमारा अपना कारखाना है। अब हम केवल गन्ना बेचने वाले किसान नहीं, बल्कि कारखाना के अंशधारी सदस्य भी हैं। इससे कारखाना के विकास में हमारी भागीदारी और जिम्मेदारी दोनों बढ़ी हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित किसानों की मांग पूरी होने से उनमें नया उत्साह आया है। अब किसान अधिक गन्ना उत्पादन कर कारखाना को मजबूत बनाने के लिए और अधिक प्रेरित होंगे।

# अशोका स्कूल में छात्राओं ने चुनी अपनी सरकार, लोकतंत्र को किया गया साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा





विद्यार्थियों को लोकतंत्र की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराने तथा उनमें नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व, संवैधानिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने के उद्देश्य से अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा में स्कूल छात्र चुनाव-2026 का सफल आयोजन किया गया। मतदान, मतगणना एवं परिणाम घोषणा तक पूरे विद्यालय में लोकतांत्रिक वातावरण देखने को मिला।

जिसमें कक्षा 3री से 12वीं तक विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रत्येक कक्षा में विधायक एवं सांसद चुने गए। इसके बाद निर्वाचित विधायकों ने अपनी-अपनी कक्षा के मुख्यमंत्री का तथा सभी सांसदों ने विद्यालय के प्रधानमंत्री, उप-प्रधानमंत्री एवं सचिव का निर्वाचन किया।

विद्यालय के प्रधानमंत्री अक्षत वैष्णव, उप-प्रधानमंत्री रेहान खान एवं वासुदेव वैष्णव तथा सचिव निधि चंद्रवंशी निर्वाचित हुए। इसी प्रकार प्रत्येक कक्षा में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं न्यायाधीश का भी चयन किया गया। निर्वाचित मुख्यमंत्री-सगुन केशरवानी, चिन्मय, नमिज सोनवानी, अविरल गुप्ता, प्रणिता लोधी, मुदित शर्मा, शौर्य, आरुष शिवोपासक, आशी चंद्रवंशी, वैभवी गुप्ता, अवनी जोशी, प्रिंशु साहू, आकृति लोधी, प्रांजल दुबे, उबैद अत्तारी, दुर्गेश कुसरे, उमैर शेख, सिद्धार्थ राजपूत, सूर्य प्रताप सिंह, संध्या कौशिक, सौरभ यादव, रेवती पाली, प्रियांशु गोप, पिहू शर्मा एवं नवीन चंद्रवंशी निर्वाचित हुए। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में उल्लास का वातावरण रहा। विजयी विद्यार्थियों का पुष्पगुच्छ, टैग-बैज एवं सम्मान रिबन पहनाकर अभिनंदन किया गया तथा रंग-गुलाल, बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ विजय जुलूस निकाला गया।

### अनुशासन, उत्तरदायित्व, सेवा भावना व लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करते हैं

विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका सारिका देवांगन ने सभी निर्वाचित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के चुनाव विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन, उत्तरदायित्व, सेवा भावना एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि स्कूल छात्र चुनाव का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान, प्रशासन, संविधान एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था का व्यवहारिक अनुभव प्रदान करना है।

### तालाब किनारे अव्यवस्थित पार्किंग सड़क हादसे का बढ़ा खतरा

**कवर्धा।** रानी दुर्गावती चौक के पास तालाब किनारे लगने वाली दुकानों के सामने दोपहिया वाहन अव्यवस्थित ढंग से खड़े किए जा रहे हैं। इससे सड़क संकरी हो गई है और राहगीरों व वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यस्त समय में जाम जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों ने ट्रैफिक विभाग और नगर प्रशासन से मांग की है कि अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण कर सड़क किनारे उचित पार्किंग की व्यवस्था की जाए, ताकि यातायात सुचारु रहे और हादसों की संभावना कम हो सके।

# विद्युत आपूर्ति, श्रमिकों की सुविधा व राजस्व के लंबित प्रकरणों के विषय में किया प्रश्न

## विधायक भावना ने पंडरिया विस एवं जनहित से जुड़े विषयों पर पूछे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र 13 से 17 जुलाई तक के प्रथम दिन पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा एवं जनहित से जुड़े विषयों पर प्रश्न किया। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल एवं आदिवासी बहुल ग्राम पंचायतों में विद्युत आपूर्ति, वर्तमान में रजिस्ट्री में स्वतः नामांतरण की प्रक्रिया, जिले में वर्तमान में भू-राजस्व के लंबित प्रकरणों तथा वन सुरक्षा समिति, लघु वनोपज एवं तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य से जुड़े श्रमिकों व संग्राहकों की दी जाने वाली सुविधाओं के विषय में प्रश्न किया।



भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल एवं आदिवासी बहुल ग्राम पंचायत तेलियापानी, बिरहुलडीह, कांदावाणी, छीरपानी, रूख्मीदादर, छिंदीडीह एवं अमनिया के 20 से अधिक ग्राम जून, 2026 की स्थिति में भी नियमित विद्युत सुविधा से वंचित हैं अथवा अत्यंत सीमित विद्युत व्यवस्था पर निर्भर हैं, जिसके कारण हजारों ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं? उक्त ग्रामों में वर्तमान में कितने घर-परिवार पूर्णतः विद्युत सुविधा से वंचित हैं तथा कितने परिवार केवल सौर ऊर्जा आधारित अस्थायी व्यवस्था पर निर्भर हैं? ग्रामवार एवं पंचायतवार विवरण क्या है? क्या शासन द्वारा इन क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित व्यवस्था (सोलर बैटरी-सोलर होम लाइटिंग सिस्टम) उपलब्ध कराई गई है? यदि हां तो, उक्त व्यवस्था स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु पर्याप्त सिद्ध हो रही है या नहीं, इसकी निगरानी एवं रखरखाव हेतु विभाग द्वारा क्या व्यवस्था की गई है? क्या शासन द्वारा इन ग्रामों को मुख्य विद्युत ग्रिड से जोड़ने, नवीन विद्युत लाइन विस्तार, ट्रांसफार्मर स्थापना एवं शत-प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण हेतु कोई विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है? यदि हॉ, तो ग्रामवार स्वीकृत कार्य, स्वीकृत राशि, एजेंसी एवं पूर्णता अवधि क्या है?

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लिखित उत्तर में बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल एवं आदिवासी बहुल प्रश्नाधीन 06 ग्राम पंचायतों के 20 ग्रामों में से जून-2026 की स्थिति में 08 ग्राम परंपरागत विद्युत से अविद्युतीकृत हैं। उक्त क्षेत्र में वर्तमान में 71 घर-परिवार पूर्णतः विद्युत सुविधा से वंचित हैं तथा 1127 परिवार केवल सौर ऊर्जा आधारित व्यवस्था पर निर्भर हैं। प्रश्नाधीन क्षेत्रों के उपरोक्त ग्रामों में शासन द्वारा सौर ऊर्जा आधारित विद्युतीकरण की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

उक्त व्यवस्था से ग्रामीणों हेतु रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था, मोबाईल चार्जिंग इत्यादि मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित होती हैं। उक्त सौर संयंत्रों की निगरानी स्थानीय ग्रामीणों द्वारा की जाती है। सोलर पावर प्लांटों का रखरखाव का कार्य पांच वर्ष की वारंटी अवधि तक संबंधित स्थापनाकर्ता इकाई तत्पश्चात क्रेडा द्वारा किया जाता है तथा सोलर होमलाईटों का रखरखाव का कार्य पांच वर्ष की वारंटी अवधि तक संबंधित स्थापनाकर्ता इकाई द्वारा नियमानुसार किया जाता है। उल्लेखित ऐसे ग्राम जो कि परंपरागत तरीके से विद्युतीकृत नहीं हैं, सघन वन क्षेत्र होने के कारण वर्तमान में परंपरागत विद्युतीकरण हेतु किसी भी कार्ययोजना में शामिल नहीं है।

### लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विभाग क्या प्रयास कर रहे है

कबीरधाम जिला अंतर्गत राजस्व से जुड़े लंबित प्रकरणों के विषय में प्रश्न करते हुए भावना बोहरा ने पूछा कि कबीरधाम जिले में वर्तमान में भू-राजस्व संहिता की धारा 115 (त्रुटि सुधार) के अंतर्गत कुल कितने प्रकरण लंबित हैं? तहसीलवार जानकारी प्रदान करें? लम्बित प्रकरणों के निराकरण में हो रहे विलंब के मुख्य कारण क्या हैं? इन लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु विभाग द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं? क्या उक्त प्रकरणों के निराकरण हेतु कोई समय सीमा निर्धारित की गई है? भू-राजस्व संहिता की धारा 115 (त्रुटि सुधार) की प्रक्रिया अंतर्गत नोटिस सुपुर्द न होने, पटवारी प्रतिवेदन में देरी एवं भुईयां पोर्टल की तकनीकी खामियां आदि प्रक्रियागत समस्याओं को दूर कर प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु विभाग द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं ? जिसके लिखित उत्तर में राजस्व मंत्री जी ने बताया कि कबीरधाम जिले में वर्तमान में छत्तीसगढ़ भू-राजस्व सहिता की धारा 115 (त्रुटि सुधार) के अन्तर्गत कुल 372 प्रकरण (मूल एवं अपील प्रकरण) लंबित है। प्रकरणों के लंबित होने का कारण पक्षकारो की अनुपस्थिति, साक्ष्य प्रस्तुत करने में विलंब है। लंबित प्रकरणो के शीघ्र निराकरण हेतु राजस्व शिविर एवं ई-कोर्ट के माध्यम से कार्यवाही किया जा रहा है। उक्त प्रकरणो के निराकरण के लिए समय-सीमा 45 कार्य दिवस है। नोटिस की समय पर तामिली के लिए माल जमादार एवं ग्राम कोटवारो को निर्देशित किया गया है और लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु नियमित रूप से समीक्षा की जाती है।

**स्वच्छताग्रहियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

# स्वच्छताग्रही सुरक्षित तो गांव सुरक्षितः सीईओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत सरकार एवं सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आगामी 02 अक्टूबर 2026 तक जिले की 60 ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयकों तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से जुड़े अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छताग्रही सुरक्षित तो गांव सुरक्षित के मूल मंत्र को अपनाते हुए जिले की सभी ग्राम पंचायतों में कार्यरत महिला स्वच्छताग्रहियों को अनिवार्य रूप से सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे सुरक्षित वातावरण में अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। बैठक में बताया गया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के तहत घर-घर से चार श्रेणियों गीला, सूखा, लाल (जैव-चिकित्सीय/संक्रमणयुक्त) एवं काला (विशेष/ई-वेस्ट) कचरे का पृथक संग्रहण किया जाएगा। इस प्रक्रिया में स्वच्छाग्रही सीधे विभिन्न प्रकार के अपशिष्टों के संपर्क में आती हैं। इसलिए उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

### स्वच्छता अभियान की रीढ़ महिला स्वच्छताग्रही

सीईओ श्री अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता अभियान की रीढ़ हमारी महिला स्वच्छताग्रही हैं। यदि हम उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराएंगे तो स्वच्छ कबीरधाम का लक्ष्य अधूरा रह जाएगा। एक स्वच्छताग्रही सुरक्षित रहेगी, तभी पूरा गांव स्वच्छ और स्वस्थ रहेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक महिला स्वच्छताग्रही को सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जाए। इस किट में दो जोड़ी दस्ताने, तीन मास्क, एक एप्रनध्कोट, एक जोड़ी जूता कवर, टोपी एवं पहचान पत्र, दो जोड़ी साड़ी तथा फावड़ा, बेल्चा सहित आवश्यक कार्य उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### व्यापारी संघ ने सीएमओ से की मुलाकात, बाजार विकास व स्वच्छता पर हुई चर्चा

**नवागढ़।** नगर के विकास, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को लेकर नवागढ़ व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी टामसन रात्रे से मुलाकात की। बैठक में बाजार क्षेत्र में सुबह-शाम कचरा संग्रहण, प्रमुख चौक-चौराहों पर सार्वजनिक शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था तथा नगर में आकर्षक चौपाटी विकसित करने का सुझाव दिया गया। व्यापारी महासंघ अध्यक्ष सत्यम ताम्रकार ने कहा कि इन सुविधाओं से नगर की सुंदरता और व्यापारिक माहौल बेहतर होगा। सीएमओ ने सभी सुझावों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा देते हुए कहा कि यूजर चार्ज का उद्देश्य सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाना है। बैठक में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

### भिलाई इस्पात संयंत्र में फिर दुर्घटना कर्मी की करंट लगने से हुई मौत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में दुर्घटना का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज रविवार को फिर एक संयंत्र कर्मचारी की मौत हो गई। भिला इस्पात संयंत्र में इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस के दौरान करंट लगने से संयंत्र कर्मी विनोद कुमार जेईए, यूआरएम, पीएल नं. 405280, आयु 36 वर्ष कार्यस्थल हॉट सॉ-3, एबी बे क्रेन-407 के मेंटेनेंस के दौरान करंट लगने से घायल हो गए। तत्काल उन्हें शाम 4:53 बजे मेंन मेडिकल पोस्ट 1 लाया गया। यहां चिकित्सकों द्वारा मृत (ब्रेन डेड) घोषित किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने दुर्घटना की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है । जांच के बाद ही इस बात का खुलासा हो पाएगा की हादसा कैसे हुआ। फिलहाल घटनास्थल पर बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचकर वस्तुस्थिति से अवगत हो रहे हैं। गौरतलब हो कि तीन दिन पूर्व भी एक ठेका ओवरब्रिज क्रेन आपरेटर की ऊपर से केबिन गिरने से घायल हो गया था। यूनियनों ने प्रबंधन से सेफ्टी पर अधिक सजग होने के साथ ड्यूटी के दौरान करंट लगने से मृत कर्मचारी के आश्रित परिवार के लिए निर्धारित सामाजिक सुरक्षा आदि लाभ की प्रक्रिया शुरु किए जाने की मांग की है।

### गांजे की अवैध बिक्री जेल भेजे गए आरोपी

**भिलाई।** स्मृतिनगर पुलिस चौकी अंतर्गत डी मार्ट के पीछे से गांजे के साथ पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 3 किलो 140 ग्राम मादक पदार्थ गांजा, एक बिना नंबर की स्कूटी तथा दो मोबाइल फोन जब्त किया गया। आरोपियों में उरला निवासी पुष्कर जंघेल उम्र 18, ग्रीन चौक दुर्ग निवासी धीरज कुमार साहू उर्फ भविष्य साहू उम्र 18 वर्ष शामिल हैं। दोनों के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि दुर्ग पुलिस द्वारा संचालित विशेष अभियान एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अंतर्गत जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को चौकी स्मृति नगर पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक डी-मार्ट के पीछे स्मृति नगर में अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसीसीयू एवं चौकी स्मृति नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल योजनाबद्ध घेराबंदी की गई।

## निधन

### कमलाकांत पाण्डेय

**नवागढ़/मारो।** मारो नगर के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ नागरिक कमलाकांत पाण्डेय का 87 वर्ष की



आयु में निधन हो गया। स्वर्गीय कमलाकांत पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, संतोष पाण्डेय एवं परमानंद पाण्डेय के पिता थे। वे अपने पीछे तीन पुत्र, दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। सर्व ब्राह्मण समाज नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आयोजन : नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी निभाने का संकल्प

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में छात्र परिषद का गठन, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर छात्र परिषद गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के योग्य एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को विभिन्न नेतृत्वकारी पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई तथा उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

पूरे कार्यक्रम में विद्यार्थियों में उत्साह और अनुशासन का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य गिरीश कुमार ने कहा कि छात्र परिषद केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, अनुशासन और सेवा भाव का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यालय की गरिमा बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करने का आह्वान किया। इस दौरान सीनियर विंग से प्रभव सोनी एवं जूनियर विंग से आहान पाठक को शाला नायक तथा सीनियर विंग से किरण मोटवानी एवं जूनियर विंग से आलिया परवेज को शाला नायिका घोषित किया गया। वहीं उप-शालानायक एवं उप-शालानायिका सहित आर्यभट्ट, भाभा, कलाम और रमन सदनों के छात्र-छात्रा प्रमुख, उप प्रमुख, खेल प्रमुख, सांस्कृतिक




प्रमुख, अनुशासन प्रमुख तथा संपादक मंडल (एडिटोरियल बोर्ड) के पदों पर भी विभिन्न छात्र-छात्राओं की नियुक्ति की गई। इसके बाद विद्यालय के चारों सदनों के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिनमें आर्यभट्ट सदन के छात्र प्रमुख के रूप में भव्य पटेल (कक्षा 12वीं) एवं हर्ष कुमार देवांगन (कक्षा 8वीं) तथा छात्रा प्रमुख के रूप में हरसिमरत कौर (कक्षा 12वीं) एवं पावनी देवांगन (कक्षा 8वीं) का चयन किया गया। उप-प्रमुख के रूप में भाग्य पटेल (कक्षा 11वीं) एवं अंश शर्मा (कक्षा 7वीं) तथा छात्रा उप-प्रमुख के रूप में श्रद्धा साहू (कक्षा 11वीं) एवं अंशिका सतनामी (कक्षा 7वीं) को दायित्व सौंपा गया। क्रीड़ा प्रमुख के रूप में प्रथमेश केशरवानी (कक्षा 12वीं) एवं उमेश चंद्रवंशी (कक्षा 7वीं) तथा छात्रा क्रीड़ा प्रमुख अवनी देवांगन (कक्षा 12वीं) एवं सृष्टि वर्मा (कक्षा 6वीं) बनाई गईं। सांस्कृतिक प्रमुख के रूप में तनिश छाबरा (कक्षा 12वीं) एवं गर्व केडिया (कक्षा 8वीं) तथा छात्रा सांस्कृतिक प्रमुख दिया अग्रवाल (कक्षा 12वीं) एवं आराध्या बंडोले (कक्षा 8वीं) को जिम्मेदारी दी गई। भाभा सदन के छात्र प्रमुख पार्थ देवांगन (कक्षा 12वीं) एवं तनवीर सिंह चावला (कक्षा 8वीं) तथा छात्रा प्रमुख अदिति राजपूत (कक्षा 12वीं) एवं आन्या पटेल (कक्षा 8वीं) चुनी गईं।

उप-प्रमुख के रूप में आरुष शर्मा (कक्षा 11वीं) एवं सर्वेश पॉल (कक्षा 7वीं) तथा छात्रा उप-प्रमुख अक्षता तिवारी (कक्षा 11वीं) एवं मनलीन कौर खुराना (कक्षा 7वीं) को जिम्मेदारी दी गई। क्रीड़ा प्रमुख के रूप में यथार्थ चौधरी (कक्षा 12वीं) एवं लक्ष्य चतुर्वेदी (कक्षा 8वीं) तथा छात्रा क्रीड़ा प्रमुख दक्षिणा सोलंके (कक्षा 12वीं) एवं भावना वर्मा (कक्षा 8वीं) का चयन किया गया। सांस्कृतिक प्रमुख के रूप में प्रियांश जैन (कक्षा 12वीं) एवं दोरांश पटेल (कक्षा 7वीं) तथा छात्रा सांस्कृतिक प्रमुख गोपिका सिन्हा (कक्षा 11वीं) एवं आरोही वैष्णव (कक्षा 8वीं) को दायित्व सौंपा गया।

विद्यालय के उप-प्राचार्य शिव कुमार तिवारी ने चयनित पदाधिकारियों को पूरे सत्र के दौरान विद्यालय के दिशा- निर्देशों का निष्ठापूर्वक पालन करने तथा अपने दायित्वों का आदर्श रूप से निर्वहन करने की सीख दी। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है। समारोह के अंत में प्राचार्य ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

विद्यालय की संचालिका भावना बोहरा ने अपने संदेश में सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि छात्र परिषद में चयन केवल सम्मान नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व और आत्मविकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर है ।

## सर्व ब्राह्मण समाज ने गठित की नई कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया



संगठनात्मक मजबूती और समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से जमात मंदिर प्रांगण में सर्व ब्राह्मण समाज की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। सर्वसम्मति से तहसील, नगर एवं युवा मंच की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में जितेंद्र उपाध्याय को तहसील संरक्षक, कमल किशोर शर्मा को तहसील अध्यक्ष, महेश दुबे को तहसील उपाध्यक्ष तथा राकेश जोशी एवं मनोज शर्मा को तहसील महासचिव नियुक्त किया गया।

नगर कार्यकारिणी में गिरीश मिश्रा को नगर अध्यक्ष और ईश्वर तिवारी को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं युवा मंच का अध्यक्ष अपूर्व पांडेय को चुना गया। मनोज तिवारी एवं हरिओम उपाध्याय को युवा मंच उपाध्यक्ष तथा अभिषेक चौबे को युवा मंच सचिव की जिम्मेदारी दी गई। सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में प्रबल मिश्रा एवं आयुष शर्मा को दायित्व सौंपा गया, जबकि जितेंद्र तिवारी को पुरोहित मंच का प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया।

बैठक में समाज की संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सक्रिय बनाने तथा तहसील स्तर पर कार्यकारिणी का विस्तार करने का निर्णय भी लिया गया। इसके लिए आगामी 2 अगस्त 2026 (रविवार) को विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें शेष पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि समाज की एकता, अनुशासन और सक्रिय संगठन ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। सभी समाजजनों से सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने तथा युवा पीढ़ी को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया गया।

बैठक में विजय मिश्रा, गोलू दुबे, देवानंद त्रिपाठी, देवेंद्र शर्मा, आदर्श जोशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। अंत में समाज की एकजुटता एवं संगठन को मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

## डीआईजी रामकृष्ण साहू को दी विदाई, अधिकारियों ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में करीब ढाई वर्ष तक अपनी कार्यशैली, अनुशासन और जनोन्मुखी पुलिसिंग की छाप छोड़ने

- जनसेवा व संवेदनशील पुलिसिंग को बताया सबसे बड़ी प्राथमिकता

वाले पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू के पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर स्थानांतरण पर रविवार को जिला मुख्यालय में गरिमामयी विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह भावनात्मक माहौल में संपन्न हुआ, जहां न्याय पालिका,जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। अपने



संबोधन में पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने बेमेतरा में बिताए लगभग ढाई वर्ष के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि जिले में मिली सफलता का श्रेय पूरी पुलिस टीम, प्रशासन और आम नागरिकों के सहयोग को जाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी पीड़ित व्यक्ति की बात संवेदनशीलता से सुनना और उसकी समस्या का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों से आमजन के साथ मित्रवत व्यवहार करने तथा जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि टीमवर्क और बेहतर समन्वय के कारण जिले में कानून- व्यवस्था लगातार मजबूत रही। उनके कार्यकाल में लोकसभा, नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुए। विदाई समारोह में उनकी धर्मपत्नी श्वेता साव एवं दोनों बच्चे भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय मधुसूदन चंद्राकर, कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं, एडीजे देवेंद्र कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, एसडीएम दिव्य पोटाई, अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज एवं गुड्डु लाल जगत, डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, एसडीओपी भूषण एक्का एवं विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू, शशिकला उईके, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा ने किया।

## इमरान प्रतापगढ़ी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बिलासपुर में आयोजित कांग्रेस के छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे पार्टी के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी का बेमेतरा जिले की सीमा पर स्थित नांदघाट चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी, फूल-मालाओं और जोरदार नारों के बीच हुए स्वागत ने कुछ देर के लिए पूरे चौक को राजनीतिक रंग में रंग दिया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के प्रदेश महासचिव अमित जैन तथा किसान कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारी आरिफ बांठिया के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का अभिनंदन करते हुए छात्रों की गूंज अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



इस दौरान कांग्रेस नेता अमित जैन ने कहा कि देश में लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने से लाखों युवाओं का भविष्य संकट में पड़ गया है। उनका आरोप था कि शिक्षा व्यवस्था में बढ़ते भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं के कारण छात्रों का भरोसा कमजोर हुआ है। स्वागत के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल तथा अल्पसंख्यक विभाग के सह प्रभारी रंजीत बेदी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नवागढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अश्वनी अनंत, नांदघाट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र साहू, संबलपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश राजपूत, युवा कांग्रेस जिला महासचिव इमरान खान, लाला कटारे, लक्की निषाद, सुनील अनंत, रूपेंद्र राजपूत, वकील बांठिया, संजू ध्रुव, अलीम बांठिया, अफजल बांठिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## मारो मंडल की मासिक बैठक में संगठन विस्तार और विकास कार्यों पर हुई चर्चा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

मारो मंडल की मासिक बैठकनगर पंचायत मारो में हुई। बैठक में जिला प्रभारी प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडे के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अजय साहू की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति एंजॉय बघेल तंत्राल देश लहरे धनलाल देश लहरे नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश राजपूत मंडल अध्यक्ष दो जागेश्वर सिंह ठाकुर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराधा सिंह छतरी उपाध्यक्ष नगर पंचायतमारोसावित्री साहूमहिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मारोकेमिस्ट्री अतिथि मेंसंपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष राकेश राजपूत ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समस्त कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को जमीन स्तर पर अपेक्षित कर्तव्यों को पूरा करने का आह्वान किया वहीं डॉ जागेश्वर ठाकुर ने केंद्र और राज्य सरकार के माध्यम से भाजपा द्वारा अंत्योदय के पथ पर अग्रसर विकास को दर्शाया। नपं अध्यक्ष धनलाल देशलहरे ने भी मारो नगर पंचायत एवम् क्षेत्र के विकास हेतु प्रशंसा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वतंत्र साहु राजेश साहु राजकुमार यादव निरंजन चेलक रोहित निषाद शिवचरण साहु पुनित वर्मा अरुण साहु निर्मला साहु मदन वर्मा सनत साहु समेत बड़ी संख्या में जिला मंडल से लेकर बूथ स्तर के पदाधिकारी पार्षद गण सरपंच जनपद सदस्य उपस्थित रहे ।

## 72 एकड़ विद्यालयीन भूमि पर कथित कब्जे का मामला एसपी तक पहुंचा, संत समिति ने कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

निंबार्क संस्कृत विद्यालय, वृंदावन के नाम दर्ज 72 एकड़ कृषि भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला अब

- 72 एकड़ निंबार्क संस्कृत विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला पहुंचा एसपी कार्यालय
- संत समाज ने दी चेतावनी कृषि भूमि मुक्त नहीं हुई तो होगा व्यापक संत आंदोलन

प्रशासन के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गया है, सोमवार को अखिल भारतीय संत समिति के प्रतिनिधिमंडल ने बेमेतरा पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू से मुलाकात कर विस्तृत शिकायत




सौंपते हुए तत्काल कानूनी कार्रवाई और भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेश अध्यक्ष महात्यागी रामरूप दास, महामंत्री एवं शेतगंगा के महंत राधेश्याम दास, राम जानकी मंदिर के महंत सुरेंद्र दास तथा धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति एवं निंबार्क संस्कृत विद्यालय के न्यासी डॉ. सौरव निर्वाणी शामिल थे, प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि विद्यालय के प्रबंधक नागा महंत हरिशंकर दास के मार्गदर्शन में संस्था अपनी भूमि को मुक्त कराने के लिए वैधानिक प्रयास कर रही है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शांति बाई सतनामी, विद्यालय की भूमि से कब्जा हटाने से इंकार कर रही हैं। साथ ही संत-महात्माओं पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करने की धमकी दी जा रही है। संत प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए तथा निंबार्क संस्कृत विद्यालय की 72 एकड़ कृषि भूमि को तत्काल अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए। महंत राधेश्याम दास, महंत सुरेंद्र दास एवं डॉ. सौरव निर्वाणी ने संयुक्त रूप से कहा कि यह केवल भूमि का विवाद नहीं, बल्कि एक प्राचीन धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्था की संपत्ति की रक्षा का विषय है।

### विद्यार्थियों व ग्रामीणों को बताए कानूनी अधिकार

# विश्व जनसंख्या दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर लोगों को जनसंख्या नियंत्रण, परिवार नियोजन और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

शिविरों में छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों और आम नागरिकों को विभिन्न जनहितकारी कानूनों एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष सरोज नन्द



दास के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वर्णलता ओम यादव की उपस्थिति में आयोजित किया गया। मुख्य शिविर शासकीय हाई स्कूल मटका में संपन्न हुआ, जहां विद्यार्थियों को विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व, बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न चुनौतियों तथा परिवार नियोजन, लिंग समानता, मातृ एवं प्रजनन स्वास्थ्य, गरीबी उन्मूलन और मानव अधिकारों जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर के दौरान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल श्रम निषेध कानून, किशोर न्याय अधिनियम, ड्रग मुक्त भारत अभियान, नवीन मोटरयान अधिनियम तथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम सहित अनेक महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी देकर नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्रों ने भी भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र चोरभट्ठी, गुबारबोड़ स्थित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन) दुकान तथा सीमेंट दुकान में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर आमजन को विश्व जनसंख्या दिवस के उद्देश्य और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। वहीं लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ताओं ने साजा क्षेत्र में आयोजित शिविर में निःशुल्क विधिक सहायता, संवैधानिक अधिकारों और विभिन्न कानूनों की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, प्रशिक्षक, अधिवक्ता, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नागरिकों से विधिक जागरूकता बढ़ाने और आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- 0-36, Sector-4, Kamal Vihar, KOREA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411